तापमान

अधिकतम 31.2 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, शनिवार 30 अगस्त 2025

14 किताब इंसान का सबसे बड़ा मित्र : डीईओ



14 महिला स्वसहायता समूह एवं जनप्रतिनिधियों ने एक पेड़ ...





## खबर संक्षेप

### बाइक की टक्कर से पति-पत्नी घायल

**महासमुंद।** इलाज कराकर घर वापस जा रहे दंपत्ति दुर्घटना में घायल हो गए। खल्लारी पुलिस ने बताया कि ग्राम कोल्दा के गणराज साहू एवं उनकी राधा बाई साहू अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीवी 0763 में सवार होकर महासमुंद डाक्टर के पास ईलाज कराने गए थे, वे इलाज के बाद अपनी मोटर सायकल से वापस आ रहे थे। अग्रवाल धर्मकांटा एनएच 353 खल्लारी के पास शाम 4 बजे खल्लारी की ओर से पल्सर मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीआर 2766 के चालक अपनी मोटर सायकल को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे गणराज साहू के कंधे एवं पसली की हड्डी को डॉक्टर द्वारा फ्रैक्चर होना बताया है, वहीं सिर व हाथ में चोट लगी है, वहीं महिला के सिर, चेहरे एवं कमर में चोट आई है।

### देशी प्लेन शराब जब्त

**महासमुंद।** बागबाहा पुलिस ने पोटरपारा बागबाहरा में आरोपी बीरू नाग पिता जलंधर नाग (28 साल) वार्ड नं 14 पोटरपारा बागबाहरा के कब्जे से देशी प्लेन शराब जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 9 लीटर देशी प्लेन शराब कीमत 4000 रुपए, 2 लीटर देशी महुआ शराब कीमत 400 रुपए को जब्त कर आरोपी के धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

### गांजा तस्करों को 7-7 वर्ष का सश्रम कारावास की सजा

**महासमुंद।** जिले के थाना सिंघोडा में 1 फरवरी 2024 को दर्ज पांच आरोपियों के विरूद्ध 9 किलो गांजा परिवहन के अपराध के लिए विशेष न्यायाधीश सराईपाली वंदना दीपक देवांगन के न्यायालय में 29 अगस्त 25 को आरोप सिद्ध पाते हुए आरोपियों को 7-7 वर्ष का सश्रम कारवास और 50-50 हजार रुपए अर्थदण्ड से दंडित किया गया। अर्थ दंड अदा न करने की स्थिति में एक-एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतने का निर्णय सुनाया गया है। उक्त प्रकरण में 5 आरोपियों में से विचारण के दौरान 2 आरोपी फरार हो गए थे, जिनका मामला पृथक कर तीन आरोपी गोपाल प्रसाद चतुर्वेदी निवासी कोटा बिलासपुर, कामेश्वर प्रसाद टोडर निवासी कोटा बिलासपुर, अमरचंद शर्मा निवासी सकरी बिलासपुर के विरुद्ध दोष सिद्धि का दंडादेश पारित किया गया है। मामले के विवेचना सहायक उपनिरीक्षक लक्ष्मण साहू द्वारा की गई थी। सभी स्वतंत्र साक्षी पक्षद्रोही हो गए थे, परंतु विवेचक एवं अन्य पुलिस साक्षियों के आधार पर अभियोजन ने अपराध साबित किया।

# तीज पर्व के बाद ससुराल लौट रहीं महिलाएं, यात्री वाहनों में भारी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

तीज पर्व के बाद तिजहारिन महिलाओं का मायके से ससुराल वापसी का दौर शुरू हो गया है। इसके साथ ही यात्री वाहनों में भीड़ बढ़ गई है। जिला मुख्यालय से अलग-अलग रूटों में चलने वाली यात्री वाहनों में भारी भीड़ देखने को मिल रही है। सबसे ज्यादा भीड़ ग्रामीण क्षेत्रों में चलने वाली यात्री वाहनों में दिख रही है। जिला मुख्यालय से रायपुर, बागबाहरा, राजिम, पटेवा, झलप, पिथौरा, बसना एवं सरायपाली के लिए सैकड़ों यात्री बसें संचालित है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों के लिए अनेक यात्री वाहनों का आवागमन होता है। वर्तमान में महिलाएं पोला व तीजा पर्व मनाने के लिए अपने मायके पहुंची है। 25 अगस्त को करू भात, 26 को उपवास और 27 अगस्त को व्रत तोड़ने के बाद अब महिलाएं अपने ससुराल की ओर रूख कर रही है। अनेक यात्री अपने निजी वाहनों से घर पहुंच रहे हैं। वहीं कई महिलाएं यात्री बसों से गंतव्य तक पहुंच रही है। इनकी वापसी के साथ ही यात्री वाहनों में भीड़ बढ़ गई है। तीजा पर्व के पहले भी यात्रियों की भीड़ बढ़ गई थी।

## निजी कार वाहनों के व्यवसाय में भी आई गति, बस स्टैंड में सुविधाएं नहीं, भटक रहे यात्री

### यात्री स्टैंड में सुविधाएं नहीं

यात्रियों के आवागमन के चलते जिला मुख्यालय के बस स्टैंड में यात्रियों की भीड़ देखी जा रही है। यहां यात्री सुविधाओं का अभाव देखने को मिला। यहां न ही बैठने की व्यवस्था है और न ही पेयजल की। यात्री इधर-उधर भटकते रहे। वहीं यात्री प्रतिक्षालय में नशेड़ियों की जमावड़ा लगा रहता है। जहां सुरक्षा को लेकर सवाल उठ रहे हैं।



### निजी वाहनों की पूछपरख

बीते कई महीनों से खाली चल रहे निजी कार वाहनों की भी पूछपरख बढ़ गई है। इसके साथ इस व्यवसाइय में गति आई है। यात्री अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए निजी वाहनों का भी सहारा ले रहे हैं। निजी वाहन चालकों को कहना है कि अभी तीजा पर्व पर लाने ले जाने के लिए वाहनों की बुकिंग अच्छी मिली।

## अभियान : तीन आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में हुई कार्रवाई

# ऑपरेशन निश्चय के तहत नशे के सौदागरों की धरपकड़ की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ऑपरेशन "निश्चय" के तहत महासमुंद पुलिस द्वारा 38 टीम गठित कर 61 स्थान पर दबिश दी गई जिसमें 40 व्यक्तियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई। इसी तारतम्य में बसना पुलिस ने तहसील कार्यालय के बगल खाली मैदान अरेकेल डिपा बसना से अवैध नशीली इंजेक्शन बिक्री की सूचना मिलने पर दो आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की।

पुलिस ने तहसील कार्यालय के बगल खाली मैदान अरेकेल डिपा बसना में आरोपी सलाम मुशानी पिता अब्दुल गफ्फार मुशानी (24 वर्ष) अरेकेल डिपा बसना, सागर सिंदे पिता स्व राजेश सिंदे (31 वर्ष) वार्ड नं 10 तालपारा बसना नशीली दवा बेचने के जुर्म में गिरफ्तार किया है। मुखबिर सूचना मिली कि दो व्यक्ति भारी मात्रा में अवैध नशीली दवाई रख कर बिक्री हेतु ग्राहक तलाश कर रहे हैं। मौके पर पहुंचकर संदेही सलाम मुशानी और सागर सिंदे के कब्जे से अलग-अलग पॉलीथिन में अवैध नशीली दवाई पेंटाजोसिन



लेक्टेट इंजेक्शन आईपी बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपियों के संयुक्त कब्जे से कुल 93 नग नशीली दवा, कुल कीमत 2724 रुपए को जब्त किया गया। आरोपियों के खिलाफ धारा 21 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। नशीली दवा जब्ती के दूसरे मामले में बसना पुलिस ने सिटी ग्राउंड के पास से आरोपी सुशांत कुमार चौहान पिता स्व भवन कुमार चौहान (23 वर्ष) वार्ड नं 11 सांई नगर बसना के कब्जे से एक सफेद रंग के प्लास्टिक झिल्ली में भरी हुई अवैध नशीली दवाई टेबलेट नाइट्रोसुन 10 एमजी कुल 100 नग टेबलेट कीमत कुल 780 रुपए को जब्त किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 21 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई

इसी तरह कोतवाली पुलिस ने नशीली दवा की बिक्री कर रहे एक व्यक्ति को वार्ड नं. 3 से गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली थी कि मुकेश यादव पिता संतोष यादव निवासी वार्ड क्र 03 इमलीभांठा महासमुंद अपने घर के सामने नशीली दवाई बिक्री कर रहा है। मौके पर पहुंचकर आरोपी मुकेश यादव के कब्जे से स्पास-ट्रास्केन-प्लस कैप्सूल रखा हुआ था। आरोपी मुकेश यादव ने पूछताछ में बताया कि वह विगत 2 वर्षों से नशीली दवाई का सेवन एवं विक्रय करता है। वह नशा में प्रयुक्त होने वाले दवाई को रायपुर, मंदिर हसौद निवासी राज चंद्राकर एवं रामा यादव से खरीदकर लेकर आना एवं अवैध लाभ अर्जन करने के आशय से विक्रय करना बताया है। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 21 (बी), 22 (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### जारी रहेगी कार्रवाई

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पांडेय ने बताया कि आज के अभियान में ऐसे छोटे पैडलर्स, जो गली-मोहल्लों और छोटी दुकानों के माध्यम से नशे का व्यापार करते रहे हैं अब उनके खिलाफ विशेष अभियान चलाकर लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

## तुमगांव में गंदे धंधों का काला साम्राज्य

# देह व्यापार और अवैध शराबखोरी के खिलाफ आमजन का गुस्सा फूटा, पुलिस कार्रवाई नहीं तो होगा थाना घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अवैध शराब और देह व्यापार के लिए तुमगांव क्षेत्र की हो रही बदनामी से क्षेत्रवासी हलकान है। पुलिस द्वारा कार्रवाई नही किए जाने और शराब से बच्चों का भविष्य अंधकारमय देखते हुए स्थानीय नागरिकों को चेतावनी दी है कि अब सख्त कदम नही उठाए गए तो स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ थाना घेराव किया जाएगा। इस संबंध में ज्ञापन सौंपे जाने के दौरान नगर पंचायत तुमगांव के अध्यक्ष बलरामकांत साहू, पार्षदगण एवं नागरिक मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि इंस्टाग्राम तक में यहां के अवैध व्यापार का प्रमोशन हो रहा है। इसके चलते गांव के बच्चे, बूढ़े और जवान इस अवैध व्यापार की ओर बढ़ रहे हैं। नागरिकों की मानें तो माताओं-बहनों का सम्मान सड़क पर सुरक्षित नहीं, युवाओं का भविष्य अवैध शराब की बोतलों में डूब रहा है और पूरा इलाका भय व अशांति के वातावरण है।



### वार्ड 01 के पीछे है देह व्यापार का अड्डा

सूत्रों के अनुसार तुमगांव के वार्ड क्रमांक 01, संत इलेक्ट्रॉनिक दुकान के पीछे लंबे समय से देह व्यापार का धंधा संचालित हो रहा है। दिनदहाड़े इस गंदे धंधे का बोलबाला है। राह चलती माताओं-बहनों को भी यहां से इशारे किए जाते हैं, आमजनों को गालियां दी जाती हैं और माहौल इतना बिगड़ चुका है कि उस रास्ते से गुजरना लोगों के लिए शर्म और खतरे से खाली नहीं रहा। स्थानीय लोगों का कहना है कि रात होते ही यहां अंधेरे में काले कारनामे शुरू हो जाते हैं, और सुबह होते ही सड़क पर गंदगी, नशे में धुत लोग और असामाजिक तत्व खुलेआम घूमते नजर आते हैं।

### अवैध शराब बिक्री ने बिगाड़ा माहौल

देह व्यापार ही नहीं, बल्कि अवैध शराब का कारोबार भी तुमगांव की पहचान को बदनाम कर रहा है। नगर पंचायत क्षेत्र में खुले- आम नशे की बोतलें बेची जा रही हैं। शराबियों की टोली रात-दिन गलियों और चौक- चौराहों पर झगड़े करती दिखती है।

# गांजा बेचने वालों पर महासमुंद पुलिस ने की ताबड़तोड़ कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले की पुलिस ने अलग-अलग थानों में गांजा के अवैध बिक्री में संलिप्त लोगों पर बड़ी कार्रवाई की है। बड़ी मात्रा में गांजा जब्त करने के साथ ही आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

कोतवाली पुलिस ने मुखबीर से सूचना मिलने के बाद आरोपी किशन लाल यादव पिता बैशाखू यादव (26 वर्ष) निवासी वार्ड न0 06 नयापारा शिव मंदिर के पास महासमुंद उसके किराना दुकान से एक सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी में भरा हुआ मादक पदार्थ गांजा 02.479 किलोग्राम कीमत अनुमानित 25,000 रुपए को जब्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 20बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई गई। दूसरे मामले में आरोपी गजेंद्र सिह राजपूत पिता कल्याण सिंह (43 साल) निवासी वार्ड नं 15 महामाया पारा महासमुंद के कब्जे से 1.610 किलोग्राम गांजा कीमत अनुमानित 16,000 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 20बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

सरायपाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी खि सागरपाली निवासी गोपाल साहू अपने कब्जे में अधिक मात्रा में गांजा रखा है। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी गोपाल साहू पिता स्व मुनिया साहू (60 वर्ष) निवासी वार्ड क्रमांक 07 सागरपाली के कब्जे से मादक पदार्थ 833 ग्राम कीमती 30000 रुपए को बरामद किया। आरोपी के खिलाफ धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। मुखबिर सूचना पर सरायपाली घंटेश्वरी मंदिर प्रतीक्षालय के पास रोपी चूडामणि महापात्र पिता हेम सागर महापात्र (56 वर्ष) वार्ड नं 03 महलपारा सरायपाली के कब्जे से थाना सरायपाली जिला महासमुंद के संबंध में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा एक कपडा के थैला में लेकर खडा होने की सूचना पर हमराह स्टाफ एवं गवाहों के मौके पर जाकर NDPS के प्रावधानों के तहत रेड कार्यवाही करते हुए आरोपी से 400 ग्राम मादक पदार्थ गांजा जब्त करते हुए आरोपी के विरूद्ध धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। नगरपालिका के पास यात्री प्रतीक्षालय से आरोपी दिलचंद सहिस पिता स्व शिव प्रसाद सहिस (26 वर्ष) अंबेडकर नगर वार्ड नं 01 थाना सरायपाली के कब्जे मादक पदार्थ 8 गांजा 216 ग्राम कीमत 2000 रुपए व मोबाइल जब्त किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 20 (ख) नारकोटिक एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

गांजा जब्ती के एक अन्य मामले में पटेवा पुलिस ने लक्ष्मी पान सेंटर ग्राम झलप में छापामार कार्रवाई कर आरोपी परस राम यादव पिता स्व. डहरू राम यादव (65 वर्ष) निवासी - ग्राम झलप के कब्जे से 200 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमत 3000 रुपए को जब्त किया। मामले में आरोपी परस राम यादव के द्वारा उक्त गांजा को ग्राम गड़बेड़ा निवासी संतोष साहू के द्वारा देना बताया गया। इस पर ग्राम गड़बेड़ा पहुंचकर आरोपी संतोष साहू से पूछताछ की गई। जिसने ग्राम झलप निवासी परसराम यादव के पास 200 ग्राम गांजा एवं जोगीडीपा निवासी ललित कुमार जांगड़े के पास 300 ग्राम गांजा को बिक्री करना बताया। जिस पर आरोपी संतोष साहू के कब्जे से एक सिल्वर रंग की इलेक्ट्रिक स्कूटी बिना नंबर का कीमत करीबन 15,000 रुपए मोबाइल को जब्त किया गया। इसके बाद पुलिस ने अन्य आरोपी ललित कुमार जांगड़े को उसके चाय ठेला ग्राम जोगीडीपा से गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से 300 ग्राम गांजा कीमत 4,500 रुपए को जब्त किया गया। माले में आरोपियों के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

पिथौरा पुलिस ने ग्राम लाखागढ वार्ड नं 07 की आरोपी द्रोपती चक्रधारी पति होरीलाल चक्रधारी (40 वर्ष) के कब्जे से 50 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमत 425 रुपए को जब्त कर धारा 20(बी) ।। ए नारकोटिक एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

इधर बागबाहरा पुलिस ने मुखबीर से सूचना मिलने के बाद वार्ड नंबर 15 रावणभाठा आरोपी रवि मांझी पिता प्रेम मांझी (27 साल) के कब्जे से 230 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा तथा नगदी रकम 500 रुपए को जब्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई

## फ्लाई ऐश, मिट्टीकला, दूध उत्पादन के पैकेजिंग एवं ब्रांडिंग पर विशेष दिया जोर

# गोड़बहाल पहुंची आकांक्षी जिला कार्यक्रम की केंद्रीय प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

संयुक्त सचिव भारत सरकार नई दिल्ली एवं जिले के केंद्रीय प्रभारी अधिकारी, आकांक्षी जिला कार्यक्रम अलरमेलमंगई डी ने पिथौरा के गोड़बहाल में जिला एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर जिला कार्यक्रम एवं पिथौरा में आकांक्षी विकासखंड के अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों, शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, कृषि, कौशल विकास, वित्तीय समावेश एवं बुनियादी ढांचे में सुधार को लेकर विभागीय प्रदर्शन की विस्तृत समीक्षा की।

पिथौरा रेस्ट हाउस में जिला अधिकारियों की बैठक में उन्होंने कहा कि महासमुंद में सभी विभागों के समन्वित प्रयास से नीति आयोग द्वारा दिए गए लक्ष्यों को पूर्ण करने में बेहतर कार्य किया गया है। इसे और तेजी से पूर्ण करने की आवश्यकता है। बता दें कि विकासखंड स्तर पर 6 संकेतांक में से 5 संकेतांक को शत प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है। जबकि, जिला स्तर पर 3 संकेतांक को पूर्ण किया गया है। अलरमेलमंगई डी ने सभी संकेतांको को पूर्ण करते हुए अनिवार्य रूप से पोर्टल में एंट्री करने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अनुविभागीय अधिकारी बजरंग वर्मा, जनपद सीईओ चंद्रप्रकाश मनहर सहित जिला स्तरीय अधिकारी एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।इसके पूर्व केंद्रीय प्रभारी अधिकारी अलरमेलमंगई डी ने ग्राम गोड़बहाल में महिला स्वसहायता समूहों से चर्चा करते हुए उनके कार्यों की सराहना की तथा समूहों की आर्थिक गतिविधियों का और विस्तार किया जाने निर्देशित किया गया। उन्होंने बैंकिंग सुविधाओं को सुदृढ़ और



सुगम बनाने पर विशेष जोर दिया। ताकि, ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय समावेशन को मजबूती मिले। केंद्रीय प्रभारी अधिकारी ने ग्रामीण औद्योगिक पार्क में महिला समूह द्वारा दुग्ध उत्पादन, फ्लाई एश ब्रिक्श और मिट्टीकला के निर्माण की सराहना करते हुए कहा कि इसकी पैकेजिंग, ब्रांडंग और मार्केटिंग पर विशेष जोर दिया जाए। उन्होंने कहा कि अपने उत्पादों की प्रचार प्रसार भी सुनिश्चित करें। बाजार में मांग को देखते हुए इसके स्थानीय एवं राजधानी स्तर पर आउटलेट भी खोला जा सकता है। स्वास्थ्य और पोषण को लेकर उन्होंने कुपोषित बच्चों की पहचान एवं सघन मॉनिटरिंग करने, न्यू बॉर्न केयर यूनिट में भर्ती और पोषण ट्रैकर से निगरानी करने के निर्देश दिए। उन्होंने मितानिन, महिला एवं बाल विकास और स्वास्थ्य विभाग के बीच समन्वय से डाटा संकलन करने कहा। उन्होंने सभी विभागों से आपसी समन्वय और सूचकांकों के सतत सुधार की रणनीति पर कार्य करने के निर्देश दिए। अधिकारियों को योजनाओं की जमीनी स्तर पर जांच के लिए फील्ड विजिट करने और लाभार्थियों से फीडबैक लेने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार ने जिले की प्रगति और लक्ष्यों की पूर्ति को प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि जिले में आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षा, स्वच्छता, जल प्रबंधन, महिला सशक्तिकरण और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में निरंतर विकास के लिए प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 55 ग्राम पंचायतों को ओडीएफ प्लस मॉडल का दर्जा प्राप्त हुआ है और 98 सामुदायिक शौचालयों का निर्माण किया गया है। ब्लॉक में 84 प्रतिशत परिवारों को फंक्शनल नल जल कनेक्शन उपलब्ध कराया गया है। सभी गांव खुले में शौच से मुक्त घोषित हो चुके हैं। 100 पंचायतों को टीबी मुक्त पंचायत घोषित किया गया है 112 सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं। 400 से अधिक एनीमिया पीड़ति किशोरियाँ अब स्वस्थ हो चुकी हैं। 51 बच्चे गंभीर कुपोषण श्रेणी से बाहर आ चुके हैं।

महिला सशक्तिकरण और आर्थिक समृद्धि की दिशा में 6 स्वयं सहायता समूहों ने अपने उत्पादों के लिए ट्रेडमार्क प्राप्त किया है। अधिकांश स्वयं सहायता समूह आर्थिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से संलग्न हैं। कृषि के क्षेत्र में पिथौरा ब्लॉक के 27461 किसानों को केसीसी के माध्यम से 176.35 करोड़ रुपये का ऋण वितरित किया गया है। 23000 किसान पीएम किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थी हैं। 1160 मृदा स्वास्थ्य कार्ड बनाए गए हैं। ब्लॉक में सभी पशुओं को एफएमडी टीका लगाया जा चुका है। डिजिटल और वित्तीय समावेशन के लिए 614 बैंकिंग टच पॉइंट (बैंक शाखा बीसी केंद्र) ब्लॉक में कार्यरत हैं। पीएम डिजिटल साक्षरता अभियान के अंतर्गत 250 नागरिकों को डिजिटल प्रमाणन प्रदान किया गया है। 86 प्रतिशत से अधिक नागरिकों के आयुष्मान भारत कार्ड बनाए गए हैं। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, महिला एवं बाल विकास, और अन्य विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

# 10 सूत्रीय मांगों को लेकर एनएचएम का हड़ताल जारी

**महासमुंद।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के कर्मचारी नियमितीकरण, ग्रेड पे सहित अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर अलग-अलग गतिविधियों के माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास कर रहे हैं। धरनास्थल तूता रायपुर में कर्मचारियों ने तख्तियों, बैनरों और मोदी की गारंटी के नारों के माध्यम से आम जनता के बीच लो में मांगों से अवग तकराया। महिला कर्मचारियों ने भी तीजा, गणेश चतुर्थी व्रत रखके पर्व पर परंपरागत रीति-रिवाज निभाते हुए धरना स्थल पर डटे रहकर आंदोलन का समर्थन किया। उधर, कर्मचारियों के अनिश्चितकालीन आंदोलन में चले जाने से उप स्वास्थ्य केंद्र, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेजों में स्वास्थ्य सेवाएँ पूरी तरह चरमरा गई हैं, जिससे आम जनता को आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं समय पर नहीं मिल पा रही हैं। कर्मचारियों का कहना है कि स्वास्थ्य सेवाएं ठप होने के लिए वे नहीं, बल्कि शासन का अड़ियल रवैया जिम्मेदार है। कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष राम गोपाल खूंटे एवं कर्मचारियों ने स्पष्ट किया कि नियमितीकरण, ग्रेड पे और लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि सहित सभी मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा। पूर्व में 20 वर्ष पहले सरपंच अगर नियुक्ति करता था, वह शिक्षक, सचिव रेगुलर हुए है। उसके बाद शिक्षाकर्मी भी संविदा से सविलियन हुए। वर्तमान बीएड शिक्षक 2700 की संख्या में प्रयोगशाला शिक्षक में सविलियन किये है। तदर्थ चिकित्सा अधिकारी को 15 साल के बाद नियमितीकरण, सविलियन किए है। सभी एनएचएम कर्मी भी 20 वर्षो से स्वास्थ्य सेवाएं दे रहें है, उनको सरकार अगर चाहे तो रेगुलर, सविलियन कर सकती। इसके लिए केंद्र सरकार से किसी भी प्रकार से बजट या ज्ञान की आवश्यकता नही है। बस सरकार की इच्छा शक्ति होनी चाहिए। एनएचएम संविदा कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि शासन जल्द ही उनकी मांगों पर लिखित निर्णय नहीं लेता, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। कर्मचारियों ने चार समूहों में मोदी की गारंटी, प्रधानमंत्री के घोषणा पत्र में उल्लिखित 100 दिनों में नियमितीकरण के वादे को जनता के बीच प्रस्तुत किया और बड़े नेताओं के मंचों से दिए गए वक्तव्यों को सबूत के रूप में साझा कर शासन का ध्यान आकृष्ट करा रहे।

## खबर संक्षेप

### एनएमडीसी ने बाढ़ प्रभावितों को दी राहत और बचाव सामग्री

**जगदलपुर।** बस्तर संभाग के दंतेवाड़ा, सुकमा और बीजापुर जिलों में लगातार तीन दिन तक हुई भारी बारिश और बाढ़ से उत्पन्न भीषण स्थिति में एनएमडीसी की छत्तीसगढ़ स्थित परियोजनाओं के द्वारा राहत एवं बचाव के अंतर्गत महत्वपूर्ण कार्य किया गया। दंतेवाड़ा में हुई भीषण तबाही के उपरांत एनएमडीसी की परियोजनाओं ने बाढ़ एवं भारी बारिश से प्रभावित जन-जीवन को पुनः सामान्य बनाने की दिशा में योगदान करते हुए बाढ़ राहत सामग्री के रूप में 8000 नग राशन सामग्री एवं भोजन सामग्री दंतेवाड़ा जिला प्रशासन को प्रदान किया गया। ज्ञातव्य है कि जिले में लगातार भारी बारिश के चलते बाढ़ जैसे हालात बन गए और न केवल आम जनजीवन व्यापक रूप से प्रभावित हुआ साथ ही इस अवधि में जन-धन की भी हानि हुई।

### प्रधानमंत्री पर अभद्र भाषा से आक्रोशित भाजपा ने फूंका राहुल गांधी का पुतला

**जगदलपुर।** बिहार के दरभंगा जिले में कांग्रेस के मंच से कांग्रेसियों द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अमर्यादित भाषा व गाली का प्रयोग करने की घटना से आक्रोशित भाजपा कार्यकर्ताओं ने आज राहुल गांधी का पुतला फूंका। वहीं जमकर नारेबाजी की। गोलबाजार चौराहे में पुतला जलाया गया। जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि कांग्रेस का चरित्र कभी नहीं बदल सकता। स्तरहीन राजनीति पर उतर आयी है प्रधानमंत्री पर अमर्यादित भाषा व गाली की घटना सत्ता से दूर हो रही कांग्रेस की हताशा है। पुतला दहन करने के दौरान महापौर संजय पाण्डेय, निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन, प्रकाश झा, अविनाश श्रीवास्तव सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे।

## आयोजन : मेजर ध्यानचंद की स्मृति में सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ

# सांसद ने किया खेल महोत्सव का शुभारंभ, खिलाड़ियों को किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

राष्ट्रीय खेल दिवस पर स्थानीय मिनी स्टेडियम में मेजर ध्यानचंद की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में महासमुंद लोकसभा की सांसद रूपकुमारी चौधरी ने शामिल होकर खेलों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों एवं युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है और खेल न केवल व्यक्ति को अनुशासन सिखाते हैं बल्कि घर-परिवार और राष्ट्र का नाम रोशन करने का माध्यम भी बनते हैं।



सांसद चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर संपूर्ण देश में आयोजित होने वाले सांसद खेल महोत्सव की औपचारिक शुरुआत की। उन्होंने जानकारी दी कि इस महोत्सव के अंतर्गत 29 अगस्त से 20 सितंबर तक खिलाड़ियों का पंजीयन किया जाएगा। प्रतियोगिताओं में एथलेटिक्स (100 मीटर, 400 मीटर, गोला फेंक, भाला फेंक, ऊंची कूद, लंबी कूद), वॉलीबॉल, कबड्डी, खो खो, बैडमिंटन और पारंपरिक खेलों जैसे गेड़ी दौड़ को शामिल किया गया है।

कार्यक्रम के अनुसार, 21 सितंबर से 17 अक्टूबर के बीच विकासखंड स्तर पर प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। पंचायत स्तर पर चयनित खिलाड़ियों को विधानसभा स्तरीय मुकाबलों (25 अक्टूबर से 17 नवंबर) में हिस्सा लेने का अवसर मिलेगा। विधानसभा स्तरीय विजेता खिलाड़ी आगे लोकसभा स्तर की प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। लोकसभा स्तरीय खेलों का आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअल संबोधन के साथ संपन्न होगा, जिसकी तिथि 25 दिसंबर से पूर्व घोषित की जाएगी।

इस अवसर पर महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, हॉकी संघ महासमुंद के अध्यक्ष राहुल चंद्राकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम ठाकुर, महासमुंद ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दिग्विजय, विधानसभा सांसद प्रतिनिधि नारेंद्र गिरी, श्याम साकरकर सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, खिलाड़ी और नागरिक उपस्थित थे। महोत्सव का आयोजन केंद्रीय खेल एवं युवा कल्याण मंत्रालय के तत्वावधान में, सांसद, जिला प्रशासन, खेल संघों, वरिष्ठ खिलाड़ियों, खेल अधिकारियों और शिक्षकों के सहयोग से किया जाएगा।



## सतपथी परिवार के 152 सदस्यों ने एकत्रित होकर मनाया नवाखाई पर्व

**सरायपाली।** सतपथी परिवार तोषगांव इस वर्ष 152 सदस्यों ने एकत्रित हो कर सौहार्द्र भाव और परिवार की एकता का भाव प्रकट कर नवाखाई प्रसाद ग्रहण किया गया। तत्पश्चात बड़ों को प्रणाम करते हुए छोटे आशीर्वाद लेते रहे। नवाखाई को लेकर परिवार में उत्साह देखने को मिला।

## अल्पसंख्यक आयोग अध्यक्ष का भाजपाइयों ने किया स्वागत




**महासमुंद।** बागबाहरा प्रवास के दौरान शुक्रवार को अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा का स्थानीय अंबेडकर चौक के पास भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। कार्यकर्ताओं में पूर्व मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंह पाली, जिला मीडिया प्रभारी गोपाल वर्मा, मंडल उपाध्यक्ष राजू चंद्राकर, पार्षद भाऊराम साहू, पीयूष साहू, विधायक प्रतिनिधि हाफिज कुरैशी, महेंद्र जैन, शरद राव मदनकार सहित अन्य कार्यकर्ताओं से चर्चा पश्चात अमरजीत सिंह छाबड़ा ने गुरुद्वारा में मत्था टेका और जैन मंदिर में जाकर क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि की कामना करते हुए सामाजिक पदाधिकारियों से अल्पसंख्यक समुदाय हितों से सम्बंधित विस्तृत चर्चा की।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से सिख समाज के अध्यक्ष दिलीप सिंह गुरु दत्ता, अवतार सिंह मल्होत्रा, डॉ हरदत सिंह गुरुदत्ता, जसवीर सिंह मक्कड़, सतनाम सिंह चावला, सतनाम सिंह मक्कड़, नारायण सिंह, सतपाल सिंह चावला, बादल मक्कड़, मांगू खत्री, रोहित गुरुदत्ता, सगनजोत सामी अरोड़ा, राजेंद्र सिंह, यश चावला, महेंद्र चावला, दिलबाग सिंह, मुस्लिम समाज के अध्यक्ष जमील चौहान, नईम खान आदि उपस्थित रहे।

## पचरी में गणेशोत्सव की धूम


वार्ड नंबर 12 भाटापारा


वार्ड नंबर 4 साहू पारा


दुर्गा चौक बस्ती पारा

# रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल में उत्साहपूर्वक मनाया राष्ट्रीय खेल दिवस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

मेजर ध्यानचंद जयंती के अवसर पर मनाया जाने वाला राष्ट्रीय खेल दिवस शुक्रवार को रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल में उत्साह और हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रेस क्लब के अध्यक्ष एवं हरिभूमि जिला प्रतिनिधि रत्नेश सोनी ने किया। इस दौरान विशेष अतिथि नवभारत से नारायण सोनी, प्राचार्य पूजा शर्मा, संचालिका आकांक्षा गोयल आदि उपस्थित रहीं।



कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों का सम्मान रहा। विद्यालय की राष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी निहारिका पटेल और अनुराग बनर्जी को उनकी शानदार उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। इसके साथ ही सीबीएसई जोनल क्रिकेट प्रतियोगिता में रजत पदक विजेता विहान लूनिया तथा राष्ट्रीय स्तर के कराटे चैंपियन ईशान साहू भी अतिथियों के हाथों सम्मानित हुए। इसके पूर्व मुख्य अतिथि रत्नेश सोनी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि मेजर ध्यानचंद से सभी को सीखने की आवश्यकता है कि दृढ़ निश्चय से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी विशेष ध्यान देवें। खेल में भी बेहतर कैरियर बनाए जा सकते हैं।

स्कूल प्रबंधन ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि खेल व्यक्ति के व्यक्तित्व और चरित्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों में खेल और फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें अपने चुने हुए क्षेत्र में उत्कृष्टता की ओर प्रेरित करना था। कार्यक्रम में बच्चों ने मेजर ध्यानचंद की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनकी उपलब्धियों को छात्रों के सामने रखा। बच्चों ने भाषण में मेजर ध्यानचंद के बारे में बताया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा नेशनल, इंटरनेशल, राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मेडल जीतने वाले बच्चों को मोमेंटों भेंट कर सम्मानित किया। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## माहवारी मेगा हेल्थ कैंप, शिशु संरक्षण माह की हुई शुरुआत



**पिथौरा।** छत्तीसगढ़ रजत जयंती वर्ष 2025-26 पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिथौरा में माहवारी मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष देवेश निषाद ने भगवान धन्वंतरि की पूजा-अर्चना कर किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की महत्वाकांक्षी योजना के तहत 5 वर्ष तक के बच्चों के लिए शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ किया गया। कैंप के दौरान बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाई गई, जिससे उनके स्वास्थ्य और पोषण में सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। पूरे कार्यक्रम का मार्गदर्शन खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. तारा अग्रवाल ने किया। आयोजन में महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी सक्रिय रूप से शामिल रहे। वहीं, उपचार कराने पहुंचे बच्चों और उनकी माताओं की भी बड़ी संख्या में उपस्थिति से कार्यक्रम को सफलता मिली।

## भैरमगढ़ अभयारण्य क्षेत्र में मिला तेंदुए का शव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

बीजापुर जिले के भैरमगढ़ अभयारण्य क्षेत्र में तेंदुए का शव मिला है। तेंदुए के शरीर पर चोट के निशान दिखाई दे रहे हैं। ग्रामीणों के मुताबिक तेंदुआ चार दिन से कराहता पड़ा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार नेशनल हाईवे माटवाड़ा से लगे अभयारण्य की पहाड़ी में तेंदुए का ग्रामीणों ने शव देखा। इसके बाद इसकी जानकारी वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और शव बरामद कर लिया है। इस संबंध में



मुख्य वन संरक्षक आरसी दुग्गा ने बताया कि तेंदुआ बीमार रहा, जिससे उसकी मौत हुई। वन विभाग की टीम ने उसी स्थान पर तेंदुए का शव को जला दिया गया।

## बेमचा स्कूल में स्पीड रीडिंग एवं पुस्तक वाचन प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमचा में जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना समग्र शिक्षा के निर्देशन में छत्तीसगढ़ के पच्चीसवें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में रजत जयंती वर्ष पर स्पीड रीडिंग एवं सामूहिक पुस्तक का वाचन का आयोजन किया गया। जिसमें पूजा निषाद, श्रेया, दामिनी, पिंकी द्वारा पुस्तकालय के विभिन्न पुस्तकों का स्पीड रीडिंग किया गया। साथ ही पूर्णिमा सिन्हा ग्रंथपाल एवं सहयोगी जुगनी गुंबर व्याख्याता के मार्गदर्शन व शाला नायिका पूनम चंद्राकर के नेतृत्व में विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक



पुस्तक वाचन कर रजत जयंती वर्ष की शुरुआत की की गई। साथ ही शिक्षक स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने सहभागिता की।

इस अवसर विद्यालय के प्राचार्य एसएल पाटकर, व्याख्यातागण पीके ध्रुव, वायएस बलिहार, तुलेंद्र सागर, नवीन चंद्राकर, तारिणी कहार, महेश्वरी साहू, कुंती दीवान, गंगा बंजारे, जुगनी गुंबर, अमृता कौर, संगीता चंद्राकर, आराधना साहू, डॉ सेवनदास मानिकपुरी, विनोद वर्मा, मनीष साहू, पूर्णिमा सिन्हा, रश्मि चंद्राकर, हेमलता साहू, सुमन कोसरे, कार्यालयीन स्टॉप शकुंतला सोनी, सुषमा सागर, रूखमणि साहू, जागेश्वरी गोस्वामी, आकांक्षा पात्रे एवं विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ नवप्रशिक्षित छात्राध्यापकों ने भी पुस्तक वाचन किए।

## विधायक ने बच्चों को विटामिन ए की दवा पिलाकर किया शिशु संरक्षण माह का शुभारम्भ



हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

जिला स्तरीय शिशु संरक्षण माह अगस्त-सितंबर 2025 का शुभारम्भ विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा द्वारा बच्चों को विटामिन ए की दवा पिलाकर किया गया। जिला स्तरीय शिशु संरक्षण माह का आयोजन शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नयापारा महासमुंद में किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, अग्रज शर्मा, संदीप घोष द्वारा भी बच्चों को विटामिन ए की दवा पिलाई गई।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई नागेश्वर राव एवं टीकाकरण अधिकारी डॉ. अरविंद गुप्ता द्वारा उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों को शिशु संरक्षण माह के गतिविधियों के संबंध में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि 29 अगस्त से 30 सितंबर 2025 तक शिशु संरक्षण माह का आयोजन प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को किया जाएगा। जिसमें 9 माह से 5 वर्ष तक के सभी हितग्राही बच्चों को विटामिन ए की खुराक दी जाएगी। इसी तरह 6 माह से 5 वर्ष तक के सभी हितग्राही बच्चों को आयरन फॉलिक एसिड सिरप दिया जाएगा। साथ ही नियमित टीकाकरण अंतर्गत सभी पात्र बच्चे एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण एवं सभी गर्भवती महिलाओं का एएनसी चेकअप किया जाएगा। इस अवसर पर मेडिकल स्टाफ तथा बच्चे और पालकगण मौजूद थे।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर बेमचा, भोरिंग, खट्टी, अमरकोट, कोमाखान में हुआ खेलों का आयोजन

# खेल एवं फिटनेस गतिविधियों का किया गया विभिन्न स्थानों पर आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद द्वारा 29 अगस्त को हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद तथा मेरा युवा भारत महासमुंद द्वारा खेल प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद में आयोजित किया गया। इसी तरह शासकीय उमावि बेमचा में विभिन्न खेलों एवं मनोरंजनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया। यहां हॉकी, कबड्डी, बॉल बैडमिंटन, पारंपरिक खेल, रस्साकसी, वॉलीबॉल का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के अतिथि ग्राम पंचायत बेमचा सरपंच देवेंद्र चंद्राकर, विधायक प्रतिनिधि रविकांत चंद्राकर, भगत राम साहू, वरिष्ठ नागरिक डॉक्टर रामशरण, वसुंधरा साहू माय युवा भारत जिला युवा अधिकारी महासमुंद, शाला विकास समिति अध्यक्ष लिखनू राम निर्मलकर, अशोक चक्रधारी, प्राचार्य एसएल पाटकर, ताकेश्वर साहू, थानवार यादव, मंच संचालक तुलेंद्र सागर, डॉ. सेवन दास मानिकपुरी रहे। इस मौके पर



सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। विभिन्न खेलों के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। जिले के विद्यालयों, महाविद्यालयों, संस्थाओं द्वारा आयोजन किया गया। जिसमें मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि अर्पित किया जाएगा एवं फिट इंडिया शपथ दिलाई गई। माई युवा भारत महासमुंद द्वारा एक पेड़ मां के नाम के तहत अतिथियों द्वारा पौधरोपण किया गया। 31 अगस्त को संडे ऑन साईकिल का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यम विद्यालय बेमचा से तुमगांव में किया जाएगा। इसी तरह शासकीय उच्चतर माध्यम विद्यालय खट्टी में खेल दिवस मनाया गया। यहां वॉलीबॉल प्रतियोगिता हुई। वॉलीबॉल टीम ए विरुद्ध टीम बी के बीच खेला गया। जिसमें टीम ए 25-23, 25-22 से विजेता रहीं।

आयोजन को संपन्न कराने में तोरण यादव, सुरेश दास मानिकपुरी एवं डिगेश दास मानिकपुरी, प्राचार्य शशि कुमार साहू, चित्रा खटकर, इंद्राणी चंद्राकर, महिमा सालोमन, ज्योति दुबे, सुबोध कुमार सोनी, हितेंद्र साहू, लीना चंद्राकर, आरती सोनी, अंजना निर्मलकर, चिंता साहू, गणेश राम कोसरे का सहयोग रहा। शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल कोमाखान के खिलाड़ियों ने कबड्डी, रस्साकसी, संखली, पिट्ठुल प्रतियोगिता में भाग लिया। शासकीय उमावि अमरकोट सरायपाली में शतरंज, कैरम, रस्साकसी, संखली प्रतियोगिता हुई। शासकीय उच्चतर माध्यम विद्यालय भोरिंग में विभिन्न खेलों एथलेटिक्स, रस्साकसी, कुर्सी दौड़, रग्बी, बॉलीबॉल खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें खिलाड़ियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। विजेता खिलाड़ियों को प्राचार्य लोकनाथ दीवान एवं शिक्षक स्टॉफ ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया।

## खबर संक्षेप



### गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में पुस्तक वाचन

**महासमुंद।** शासन के आदेश अनुसार छत्तीसगढ़ प्रदेश के 25 वर्ष पूर्ण होने पर शालाओं में रजत जयंती के लिए पुस्तक वाचन के लिए दिशा निर्देश दिया गया। इसी कड़ी में शासकीय कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय सुनसुनिया में पुस्तक वाचन का आयोजन किया गया। जहां ग्रामवासी, एसएमसी सदस्य एवं पालकों की उपस्थिति रही। पालकों द्वारा पुस्तक वाचन किया गया। कार्यक्रम में अधीक्षिका रक्षा साहू, शिक्षिका कमलेश कौशिक, शिक्षिका कुंजलता गायकवाड एवं समस्त पालकगण व छात्राओं का सहयोग सराहनीय रहा।

### खातेदारों से संवाद कर 10 ग्राहकों को दिए एटीएम कार्ड

**जगदलपुर।** आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं कुलदीप शर्मा ने शुक्रवार को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित का औचक निरीक्षण गया। इस दौरान उन्होंने शाखा में उपस्थित खातेदारों एवं हितग्राहियों से संवाद कर बैंक द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली तथा 10 हितग्राहियों को एटीएम कार्ड प्रदान कर उन्हें डिजिटल लेनदेन हेतु प्रोत्साहित किया । इस अवसर पर एक पेड़ मां के नाम पर लगाया। निरीक्षण उपरांत विभागीय समीक्षा बैठक लेकर विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों की प्रगति का अवलोकन किया तथा सहकार से समृद्धि अभियान के अंतर्गत समयावधि में गुणवत्तापूर्ण कार्य करने अधिकारियों को निर्देश दिए।

### स्वास्थ्य कर्मचारियों की बेमियादी हड़ताल जारी

**जगदलपुर।** एनएचएम कर्मचारी संघ नियमितीकरण, सविलियन, ग्रेड पे, लंबित 27 फीसदी वेतन वृद्धि सहित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर चल रहा अनिश्चितकालीन आंदोलन लगातार 12 वें दिन भी जारी रहा। एनएचएम कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला जंगले ने बताया कि एनएचएम संघ बस्तर जिला के पदाधिकारियों ने गुरूवार को शहर के सर्किट हाउस में वन मंत्री केदार कश्यप, एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, विधायक किरण सिंह देव से मुलाकात कर मांगों का पृथक-पृथक ज्ञापन दिया गया। दोनों ने संघ के पदाधिकारियों को ज्ञापन में अंकित मांगों को पूरा करने के लिए संघ को आश्वस्त किया गया। संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि जब तक सभी मांगों पर लिखित आदेश जारी नहीं होते, तब तक यह निश्चितकालीन आंदोलन जारी रहेगा।

**बैठक :** गत सत्र के स्वीकृत व संपन्न किए गए कार्यों की दी गई जानकारी

# महाविद्यालय में जनभागीदारी समिति की हुई बैठक, अनेक प्रस्ताव पारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जनभागीदारी समिति की सत्र 2025-26 की प्रथम बैठक महाविद्यालय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष एवं विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा की अध्यक्षता एवं समिति के सदस्य संदीप दीवान, अमृत चोपड़ा, संदीप घोष, कमलेश ध्रुव, वाणी तिवारी, महेश मक्कड़, गुलाब सेन, महाविद्यालय प्राचार्य व जनभागीदारी समिति सचिव करूणा दुबे एवं समिति सदस्यों की उपस्थिति में हुई।

बैठक में विगत सत्र के स्वीकृत व संपन्न किए गए कार्यों की जानकारी जनभागीदारी समिति प्रभारी अजय कुमार राजा द्वारा प्रस्तुत करते हुए सत्र 2025 26 के लिए आगामी कार्ययोजना को प्रस्तुत किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से वनस्पति शास्त्र, वाणिज्य, समाजशास्त्र, हिंदी एवं रसायन शास्त्र विषय में जन भागीदारी प्राध्यापक की नियुक्ति; वनस्पति शास्त्र में एक प्रयोगशाला तकनीशियन एवं एक प्रयोगशाला परिचारक की नियुक्ति, ग्रंथालय परिसर में नवनिर्मित भवन में 12 नग पंखे, 04 नग एग्जास्ट एवं 8 नग ट्यूबलाइट जिसकी अनुमानित लागत 35000 रुपए है का अनुमोदन, ग्रंथालय परिसर के ऊपर नवनिर्मित भवन की सुरक्षा के लिए एक चैनल गेट एवं एक लोहे का गेट अनुमानित लागत 40000 रुपए का अनुमोदन किया गया। शासन द्वारा निर्देशित छत्तीसगढ़ रजत जयंती समारोह 5 सितंबर से 12 सितंबर की अवधि में आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रम के लिए अनुमानित 150000 रुपए की राशि के प्रस्तावित व्यय की स्वीकृति प्रदान की गई। जनभागीदारी अध्यक्ष एवं विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा द्वारा स्वतः संज्ञान लेते हुए महाविद्यालय के स्ववित्तीय दिवंगत कर्मचारी स्व. रवि ओगरे के परिवार के किसी एक सदस्य को महाविद्यालय में जनभागीदारी मद से अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने का निर्देश दिया गया। महाविद्यालयीन विद्यार्थियों के बेहतर चरित्र निर्माण की दिशा में सार्थक पहल करते हुए अध्यक्ष द्वारा 75000 रुपए की राशि स्वीकृत की गई। जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों को विवेकानंद साहित्य लगभग 5000 नग निःशुल्क वितरण एवं महान विभूतियों के छायाचित्र लगाने का निर्देश दिया गया। बैठक में महाविद्यालय की छात्र संख्या की अधिकता को देखते हुए नवीन सेटअप स्वीकृत करने के लिए शासन स्तर पर सार्थक पहल करने का आश्वासन दिया गया। समिति के अध्यक्ष एवं विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा द्वारा निर्देशित किया गया कि 70 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को महाविद्यालय में आमंत्रित करते हुए सम्मान समारोह आयोजित किया जाए।



बैठक में यह भी निर्णय लिया गया की शासन द्वारा जारी छात्र बीमा योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार विद्यार्थियों के मध्य किया जाए। पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी जनभागीदारी कर्मचारियों को दिवाली बोनस प्रदान किया जाएगा। छत्तीसगढ़ रजत जयंती वर्ष समारोह का आयोजन में प्रत्येक विद्या में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति एवं भागीदारी पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही साथ पोस्टर प्रतियोगिता आयोजन का विषय वीर स्वतंत्रता सेनानियों पर रखने के लिए प्रस्तावित किया गया।

### शोध केंद्र खोलने की आवश्यकता पर दिया जोर

महाविद्यालय के वनस्पति शास्त्र विभाग में शोध केंद्र खोलने के लिए आवश्यक कार्रवाई किया जाना सुनिश्चित किया गया। महाविद्यालय अंकसूची वितरण का काउंटर मचेवा महाविद्यालय में ही रखना उचित माना गया। 16 सितंबर को हिंदी विभाग में कवि सम्मेलन के लिए 12000 की राशि स्वीकृत की गई। अध्ययन अध्यापन एवं कार्यक्रमों के बीच समायोजन बनाने के लिए निर्देश दिया गया। विधायक द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि किसी भी योजना को मूल रूप देना आवश्यक है। विद्यार्थियों के जीवन में महाविद्यालय एक नया मोड़ लेकर आता है, छोटी-छोटी जानकारी छात्र जीवन में परिवर्तन लाती है। नया भारत विकसित भारत की बातें करते हुए सन 2000 से 2025 तक छत्तीसगढ़ राज्य में क्या हुआ और 2047 में क्या होना चाहिए। इस पर उन्होंने विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन डॉ ईपी चेलक द्वारा किया गया एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ नीलम अग्रवाल द्वारा किया गया।



### दुर्गा पंडाल के लिए भूमिपूजन

**महासमुंद।** बस स्टैंड दुर्गा पूजा उत्सव समिति ने दादाबाडा मैदान में दुर्गा पंडाल के लिए नगर पुरोहित पंडित पंकज तिवारी ने पूजन संपन्न कराया गया। इस अवसर पर बाबूलाल साहू, शशिकांत जैन, बसंत पदमवार, जितेंद्र पटेल, गुमान जैन, भाऊराम साहू, राजेश नायक, मनीष साहू, उमा शंकर, लालू यादव, रिंकू चंद्राकर, सुनील गुप्ता, नरेश पांडना, संजय सेन, कौशिक राठौर, बजरंगी साहू, यादराम चंद्राकर, शुभम सेन, नरेश नायक, अक्षत गुप्ता, हिमांशु तिवारी, गौरव राठी, भौमिक चंद्राकर, प्रहलाद यादव, राहिल गुप्ता सहित समिति के समस्त सदस्यगण उपस्थित रहे।

## रजत जयंती पर देवरी स्कूल में हुआ पुस्तक वाचन

**महासमुंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी विकासखंड बागबाहरा में राष्ट्रीय खेल दिवस और छत्तीसगढ़ राज्य बनने के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में पुस्तक वाचन दिवस का आयोजन प्राचार्य डोमन सिंह टंडन के मार्गदर्शन में किया गया इस अवसर पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष रमेश पटेल, सरपंच प्रतिनिधि शांता साहू, शाला विकास समिति के सदस्य राकेश चंद्राकर, यादराम साहू उपस्थित रहे। प्राचार्य ने समस्त छात्र-छात्राओं को अपने दिनचर्या में अनिवार्य रूप से खेल शामिल करने को कहा और बताया कि रोजाना खेल खेलने से शरीर को स्वस्थ रखा जा सकता है। शाला विकास समिति के अध्यक्ष रमेश पटेल ने बताया कि खेल से छात्र छात्राएं अनुशासित रहते है और एक दूसरे के प्रति सहयोग की भावना जागृत होती है। सरपंच प्रतिनिधि शांता साहू ने बताया कि ओलंपिक खेल में भारत को तीन बार स्वर्ण पदक दिलाने में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उपस्थित समस्त अतिथिगण और छात्रों, समस्त स्टॉफ द्वारा पुस्तक वाचन किया गया। कार्यक्रम का संचालन खेल प्रभारी व्याख्याता रविप्रकाश पात्रे ने किया। कार्यक्रम में व्याख्याता परस राम सिन्हा का योगदान रहा। इस अवसर पर व्याख्यातागण नेशलाल धृतलहरे, संजय बारसागढ़े, कुलेश्वर सिंह ठाकुर, भोजराम ध्रुव, आशीष कुमार दीवान, नीलू सोनी, आनंद राम व्योहार, सहायक शिक्षक देवानंद चंद्राकर, मौसमी चंद्राकर, व्यावसायिक शिक्षक लीलाधर वर्मा, पुष्कर भारतीय, कार्यालयीन कर्मचारी हितेश साहू, रईस मिर्जा, कार्तिक राम यादव आदि मौजूद रहे।

# आदि कर्मयोगी अभियान में ग्राम पंचायत सचिवों की महत्वपूर्ण भूमिकाः नंदनवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जनजातीय कार्य मंत्रालय,भारत सरकार की महत्वाकांक्षी अभियान आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हेमंत नंदनवार की अध्यक्षता में सोमवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में ग्राम सचिवों के लिए जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अभियान के बारे में संपूर्ण जानकारी एवं दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही कार्यक्रम में योजना के उद्देश्य, कार्य का तरीका एवं परिणाम के सम्बन्ध में आवश्यक चर्चा भी किया गया। उन्मुखीकरण कार्यक्रम में जिले के पांचों जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं समस्त ग्राम के सचिव मौजूद थे।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत नंदनवार ने कहा कि सभी सचिव इस अभियान के लिए अपने ग्राम के नोडल अधिकारी के रूप में काम करेंगे एवं सेवा प्रदायगी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी। समस्त विभागों के साथ मिलकर अभिसरण की भावना



से ग्रामों का विकास किया जाना अत्यंत आवश्यक है। अभियान के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए आदिवासी विकास विभाग से मास्टर ट्रेनर निलेश खांडे ने बताया कि योजना का मुख्य उद्देश्य ग्राम स्तर पर एक ऐसे लीडरशिप टीम तैयार करना है जो अपने ग्राम के मूलभूत आवश्यकताओं को शासन तक उचित तरीके से रख पाएं। जिससे शासन-प्रशासन उसे सही तरीके से पूरा कर पाए। साथ ही सभी योजनाओं का लाभ अंतिम मील तक संतृप्त हो सके। इस अभियान के लिए महत्वपूर्ण कड़ी में आदि सेवा केंद्र है, जो सभी धरती-आबा योजना अंतर्गत चयनित 308 ग्रामों में स्थापित किए जाएंगे। जिसके अंतर्गत एक सिंगल विंडो का संचालन ग्राम सचिव एवं रोजगार सहायक के माध्यम से किया जाएगा, जहां ग्रामीणों को अपने समस्या का समाधान मिल सके।

# महिलाओं ने उल्लास के साथ मनाया रजत जयंती महोत्सव

## कुर्सी दौड़, मेंहदी, व्यंजन प्रतियोगिता में महिलाओं ने दिखाए अपनी जौहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बागबाहरा ब्लॉक के खम्हरिया सेक्टर के ग्राम पंचायत आमाकोनी में शुक्रवार को रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा ग्रामीण महिलाओं में कुपोषण की रोकथाम एवं संतुलित आहार के प्रति जागरूक लाने, व्यंजन प्रदर्शनी और पारंपरिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्वसहायता समूह समेत ग्रामीण महिलाओं ने कुर्सी दौड़, मेहंदी, रंगली प्रतियोगिता में भाग लिया।

छत्तीसगढ़ निर्माण का 25 वर्ष पूरा होने जा रहा है। इस उपलक्ष्य में रजत जयंती पूरे उत्साह से मनाया जा रहा है। इस मौके पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा ग्रामीण अंचलों में महोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में खम्हरिया सेक्टर के ग्राम पंचायत आमाकोनी में रजत जयंती




महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत आमाकोनी की सरपंच मीरा दीवान, पंच कुंतला ने दीप प्रज्ज्वलित एवं सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान सुपरवाइजर हीरा ध्रुव एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरोज चंद्राकर ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के बारे में महिलाओं को जानकारी देते हुए कहा कि आज के दौर में बेटियों को पढ़ाना जरुरी है, क्योंकि एक बेटी शिक्षा प्राप्त करती है तो दो कुल को शिक्षित करती है। उन्होंने गर्भवती, शिशु बती, किशोरी बालिकाओं को संतुलित आहार की जानकारी दी। इसी तरह कुपोषण की रोकथाम के प्रति भी जागरूक किया। इसके अलावा माता बहनों को स्थानीय स्तर पर उपलब्ध खाद्य पदार्थों के उपयोग को बढ़ावा देने की परामर्श दी गई।

इसके बाद व्यंजन, मेंहदी, चित्रकारी, कुर्सी दौड़ आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं बच्चों की माताओं और महिला समूहों ने स्थानीय संसाधनों से मिट्टी का खिलौना बनाकर प्रदर्शित किया।

इस अवसर लिलेश्वरी चक्रधारी, किरण चक्रधारी, फगनी यादव, वर्षा चक्रधारी, फुलेश्वरी चक्रधारी, अगोतिन चक्रधारी, चंपेश्वरी, उमा ठाकुर, अनीता ठाकुर, राजकुमारी, ममता, सुशीला चक्रधारी, देवंतीन ठाकुर, दुलमत चक्रधारी, रेखा ठाकुर, झम्मन,गीता चक्रधारी, रेखा चंद्राकर, कुसुम चौबे, चित्ररेखा, जागेश्वरी ध्रुव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रही।



**महासमुंद।** बाल उत्सव गणेश समिति वार्ड नंबर 22

# ब्रह्माकुमारी विवि के सेवा केंद्र में तीज व्रत का विशेष आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवाकेंद्र उपकार भवन नयापारा में इस बार महिलाओं के लिए छग का पारम्परिक पर्व तीज व्रत का विशेष आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में महिलाएं इस कार्यक्रम का लाभ उठाया। गीत संगीत, मनोरंजन डांस और खेलकूद में हिस्सा लिया। प्रीति दीदी ने इस पर्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व शिव पार्वती विवाह के कथा और व्रत से जुड़ा है और आध्यात्मिक रहस्य को समझाया कि वास्तव में घोर कलयुग के अन्त समय में (वर्तमान) जगत नियंता निराकार ज्योति स्वरूप परमपिता परमात्मा शिव आत्मारुपी पार्वती को आत्म ज्ञान देकर अमर बनने की कथा सुनाते हैं और वही पार्वती



रुपी आत्माएं संसार के सुख शांति वैभव आदि को ठुकरा कर एक शिव को चुनकर अपना जीवन सफल बनाती है और आध्यात्मिक सुख शांति खुशी आनंद प्रेम से भरपूर बन जाती है। उन्होंने उप + वास का अर्थ यह बताया कि हमें सच्चे दिल से भगवान के निकट रहकर उन्हें निरंतर याद करना है। उनके समीप रहना, कमल पुष्प का अर्थ यह बताया कि अपने जीवन के सभी कर्तव्य निर्वाह निभाते हुए इस विकारों रुपी दलदल कलयुगी तालाब से अपने को बचा कर रखें, और रात्रि जागरण का अर्थ अपने जीवन को अज्ञान नींद से जगाना विकारों और बुराईयों को समाप्त करना ही सच्ची जागरण है। पश्चात सभी महिलाओं ने शक्तिशाली मेडिटेशन द्वारा बुराइयों को भस्म करने की प्रतिज्ञा ली और अपने में आध्यात्मिक शक्ति की अनुमति की।

## निधन

### मनहरण लाल साहू



**महासमुंद।** शंकर नगर निवासी सेवानिवृत्त कृषि विस्तार अधिकारी मनहरण लाल साहू (64) का निधन हो गया। वे लोकश साहू (पटवारी), इंदेश साहू के पिता थे। अंतिम संस्कार उनके पैतृक ग्राम चपरीद (समोदा) में किया गया। इस दौरान गणमान्यजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार शिव कुमार चन्द्राकर उम्र 67 पिता श्री भुखन लाल चन्द्राकर जाति कुर्मी निवासी ग्राम-रसनी, तहसील आरंग, जिला रायपुर छ.ग. ने मोहम्मद अय्यूब खान उम्र 30 वर्ष पिता मोहम्मद रफीक जाति मुसलमान निवासी वार्ड नं 04 बागबाहरा, तहसील बागबाहरा, जिला महासमुन्द छ.ग. की भूमि जो ग्राम नवागांव, प.ह.नं. 02 रा.नि.मं. खल्लारी तहसील बागबाहरा, जिला महासमुन्द छ.ग. में स्थित अचल संपत्ति भूमि खसरा नं. 206/2, रकबा 0.1600 हे. को चुक्ता 40,51,000 (चालीस लाख इंकावन हजार) रूपये में बिक्री सौदा कर दिनांक 27.08.2025 को 4,00,000 (चार लाख रूपये) बयाना विक्रेता मोहम्मद अय्यूब खान को भारतीय स्टेट बैंक शाखा आरंग का चेक क्रमांक 405687 का दिया गया है शेष राशि पंजीयन दिनांक 31.10.2025 को प्राप्त कर पंजीकृत किया जावेगा ।अतः उपरोक्त सौदे का संव्यवहार के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निगम, शासकीय व अशासकीय विभाग या अन्य किसी को कोई उजर दावा या आपत्ति हो अथवा उक्त सम्पत्ति या उसके किसी भी भाग पर किसी प्रकार का स्वत्व, हक, अधिकार या भार हो तो वे इस आम सूचना प्रकाश के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति लिखित में सुसंगत दस्तावेजो के साथ मेरे समक्ष मेरे कार्यालय में दर्ज करवा देवे अन्यथा मेरे व्यवहारी द्वारा क्रय हेतु प्रस्तावित सम्पत्ति को विवाद से परे एवं पाक साफ माना जाकर सम्पत्ति का पंयीयन विक्रेता को शेष रकम अदायगी कर करवा लिया जावेगा, पश्चातवर्ती आपत्ति अमान्य होकर शुन्यवत होगी ।यह कि, उक्त समयावधि के अवसान पश्चात मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त वर्णित सम्पत्ति के विक्रय विलेख का निष्पादन व पंजीयन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा, तत्पश्चात प्रस्तुत की गई किसी भी प्रकार की उजर, दावा एवं आपत्ति मेरे पक्षकार के ऊपर मान्य एवं बंधनकारी नही होगा।

सो सूचना जाने
दिनांक

भवदीय
एल.एम. चन्द्राकर
अधिवक्ता, खरोरा महासमुन्द
मो. 8982950330

नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू की अध्यक्षता में हुई दवा विक्रेताओं की बैठक, महासमुंद को नशामुक्त बनाने की अपील

# नगर में नशीली दवाओं के रोकथाम के लिए सामूहिक सहभागिता जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- सामाजिक बुराई पर लगाम लगाने दुकानदारों से की सहयोग की अपील

शहर में नशीली दवाओं पर प्रतिबंध लगाने के उद्देश्य से नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू की अध्यक्षता तथा ड्रग इंस्पेक्टर अखिलेश पांडे की उपस्थिति में शहर के मेडिकल दुकान संचालकों की बैठक पालिका में आयोजित की गई। जिसमें शहर के समस्त मेडिकल दुकान संचालक शामिल हुए।

बैठक के दौरान पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने मेडिकल दुकान संचालकों को शहर को नशामुक्त बनाने में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा नशीली दवाओं के रोकथाम के लिए सामूहिक सहभागिता जरूरी है। देखने में आ रहा है कि नशेड़ी प्रवृति के लोग नशे के लिए दवाइयों व इंजेक्शन आदि का उपयोग कर रहे हैं। इसके चलते समाज के सभ्य



नागरिकों को परेशानियां उठानी पड़ रही हैं। नशे के आदी व्यक्ति नशा करने के लिए चोरी, लूटपाट व अन्य आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहते हैं। हम सभी को नगर के प्रति जो दायित्व है उसका निर्वहन करते हुए यह प्रयास करना है कि कहीं भी ऐसे व्यक्ति को नशीली दवाएं उपलब्ध न होने पाएं। उन्होंने इस सामाजिक बुराई पर लगाम लगाने सभी दुकानदारों से सहयोग की अपील की। जिस पर सभी मेडिकल संचालकों ने हमेशा की तरह आगे भी नशामुक्त महासमुंद बनाने की दिशा में सहयोग प्रदान करने की बात कही। साहू ने बताया कि बैठक का उद्देश्य समाज में फैलते नशे के कारोबार पर मेडिकल दुकान संचालकों के सहयोग से लगाम लगाना है।

इस अवसर पर दवा विक्रेता संघ के अध्यक्ष विनोद चंद्राकर, सचिव अरशी अनवर, मनीष शुक्ला, नागेंद्र भूषण नशीने, गगन अवसर, एजाज नकवी, परमानंद साहू, दिलीप कुमार, यश रजक, दिनेश कुमार देवांगन, घनश्याम चंद्राकर, महेश देवांगन, सौरभ मालू, सुनील कुमार आदि उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

## दो दिवसीय वार्षिक कार्य योजना बैठक आज से

**महासमुंद।** सरस्वती शिशु मंदिर उमावि भलेसर मार्ग में बालिका शिक्षा एवं शिशु वाटिका का दो दिवसीय वार्षिक कार्ययोजना बैठक आयोजन किया गया है। सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ प्रांत की योजनानुसार रायपुर एवं राजिम विभाग की बालिका शिक्षा प्रमुख दीदीयों की वार्षिक कार्ययोजना बैठक का आयोजन 30 अगस्त शनिवार 11 बजे से 31 अगस्त 2025 रविवार दोपहर तक सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद में आयोजित है। जिसमें विभाग, जिला एवं समस्त विद्यालयों के बालिका शिक्षा प्रमुख सम्मिलित होंगे। इसी प्रकार राजिम विभाग की शिशु वाटिका में अध्यापन कराने वाले आचार्यो एवं दीदियों की वार्षिक कार्ययोजना बैठक का आयोजन 30 अगस्त शनिवार 11 बजे से 31 अगस्त 2025 रविवार दोपहर तक सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद में आयोजित है। जिसमें प्रत्येक नगरीय एवं ग्रामीण विद्यालयों में शिशु वाटिका में पढ़ाने वाले समस्त आचार्य अपेक्षित है। इस आशय की जानकारी विद्यालय के प्रचार प्रसार प्रमुख पवन निर्मलकर ने दी है।

## पंजीयन शुल्क से अधिक वसूली पर होगी कार्रवाई

**महासमुंद।** श्रमायुक्त छत्तीसगढ़ से प्राप्त जानकारी अनुसार कुछ सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) संचालक श्रम विभाग के अधीन संचालित मंडलों में श्रमिकों के पंजीयन व योजना आवेदन के लिए विभाग द्वारा अनुमोदित शुल्क से अधिक राशि वसूल किया जा रहा हैं। निर्धारित शुल्क के अनुसार श्रमिक पंजीयन के लिए 30 रुपए तथा योजना आवेदन के लिए 20 रुपए निर्धारित है। इसके बावजूद कुछ सीएससी संचालकों द्वारा पंजीयन/आवेदन योजना करने के लिए श्रमिकों से 1000 से 1500 रुपए तक लिया जा रहा है। श्रम पदाधिकारी ने निर्देशानुसार जिले के सभी सीएससी केंद्रों पर शुल्क संबंधी सूचना अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करने और श्रमिकों से केवल निर्धारित राशि लिए जाने निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित राशि से अधिक वसूली की शिकायत मिलने पर संबंधित संचालक के विरुद्ध यथोचित जांच कर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## सतनामी समाज के शिक्षा प्रकोष्ठ का विस्तार

**महासमुंद।** प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज महासमुंद द्वारा समाज के कर्मचारियों को जोड़कर अंशदान कर ब्लाक शिक्षा प्रकोष्ठ का गठन किया जा चुका है, जिसका विस्तार करते हुए जिम्मेदारी सौंपी गई है। सरंक्षक में गणेश टंडन, ब्लाक अध्यक्ष फनेन्द्र बंजारे, उपाध्यक्ष अजय बंजारे, तेजराम कुर्रे, सचिव योगेश घृतलहरे, सहसचिव देवकुमार खुटे, प्रवक्ता कमल किशोर कुर्रे, मीडिया प्रभारी रवि जांगड़े, कार्यकारिणी सदस्य खोरबाहरा सोनवानी, डोंगर सिंह टंडन, मनहरण टंडन, रवि नारंग, एन कुमार रात्रे, किशोर कुमार लहरे शामिल है। प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज जिलाध्यक्ष विजय बंजारे के अनुमोदन से ब्लाक अध्यक्ष चित्रकुमार भारती द्वारा सर्वसम्मति से कार्यकारिणी विस्तार किया गया। जिस पर जिलाध्यक्ष शिक्षा प्रकोष्ठ ने सहमति प्रदान कर सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई। नियुक्ति पर जिला व ब्लाक पदाधिकारियों ने हर्ष जताया है।

**आयोजन : प्रदेश के रजत जयंती पर स्कूलों में पुस्तक वाचन का आयोजन**

# किताब इंसान का सबसे बड़ा मित्र : डीईओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विकासखंड महासमुंद के सभी विद्यालयों में पुस्तक वाचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों में पठन कौशल विकसित करने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियां हुईं। कहीं पर स्पीड रीडिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई तो कहीं पर दीवार पत्रिका का विमोचन किया गया।

कार्यक्रम का निरीक्षण जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, डीएमसी रेखराज शर्मा एवं एपीसी डी. एन. जांगड़े द्वारा किया गया। इस दौरान प्राथमिक शाला भलेसर तथा प्राथमिक शाला बृजराज में अधिकारियों द्वारा दीवार पत्रिका का विमोचन भी किया गया।



आदर्श स्कूल महासमुंद के सभा कक्ष में चल रहे पुस्तक वाचन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि किताबें करती हैं बातें। किताब हर इंसान का सबसे बड़ा मित्र होता है, जो व्यक्ति नियमित एवं अनुशासित होकर किताब पढ़ता है, वह जीवन पथ पर हमेशा सही दिशा में आगे बढ़ता है। जिला मिशन समन्वयक ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्पीड रीडिंग बच्चों में पठन कौशल की वृद्धि के लिए अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने छत्तीसगढ़ शासन के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर विद्यालयों में आयोजित हो रहे विभिन्न कार्यक्रमों के महत्व पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन प्राचार्य सेजेस हेमंत आचार्य द्वारा किया गया तथा संचालन बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा ने किया। इस अवसर पर विकासखंड के सभी संस्था प्रमुखों से आह्वान किया गया कि राज्य से दिए गए टाइम-टेबल के अनुसार रजत जयंती कार्यक्रम विद्यालयों में सुनिश्चित रूप से आयोजित करें।



## डीएमएस में पुस्तक वाचन का किया अनावरण

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती वर्ष पर संकुल केंद्र डीएमएस, विकासखंड एवं जिला महासमुंद के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला भलेसर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दीवार पत्रिका का विमोचन एवं पुस्तक वाचन का अनावरण किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी विजय लहरे, जिला स्त्रोत समन्वयक रेखराज शर्मा, एपीसी डीएन जांगड़े तथा प्रधान पाठक एवं संकुल समन्वयक ए.चंद्रशेखर डोरा की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के संचालन में सहायक शिक्षिका मंजू लता साहू, दुर्गा यादव तथा डाइट महासमुंद के छात्र-अध्यापकों का विशेष योगदान रहा।

## बालक स्कूल तुमगांव में छात्रों ने किया पुस्तक वाचन

**महासमुंद।** शासकीय बालक प्राथमिक शाला तुमगांव में छत्तीसगढ़ प्रदेश के 25 वर्ष होने के अवसर में शिक्षा एवं विकास के प्रति सकारात्मक एवं सक्रिय सोच तथा जागृति उत्पन्न करने के उद्देश्य से पुस्तक वाचन का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य के गौरवशाली स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर शासकीय बालक प्राथमिक शाला तुमगांव में विशेष पुस्तक वाचन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। विद्यालय के शिक्षक जितेंद्र कुमार साहू द्वारा राज्य की रजत जयंती वर्ष की महत्ता पर प्रकाश डाला गया तथा विद्यार्थियों को पठन-पाठन की आदत विकसित करने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विभिन्न पुस्तकों का वाचन कर ज्ञानवर्धन किया तथा अपने विचार प्रस्तुत किए। पढ़े छत्तीसगढ़–बढ़े छत्तीसगढ़ की भावना को सार्थक करते हुए बच्चों ने कहानी, कविता, जीवनी एवं प्रेरणादायी प्रसंग पढ़े और सुने।



कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने यह संदेश दिया कि नियमित पुस्तक वाचन से न केवल ज्ञान का विस्तार होता है बल्कि भाषा, अभिव्यक्ति एवं व्यक्तित्व विकास में भी वृद्धि होती है। अंत में प्रधानपाठक संगीता रात्रे ने सभी को छत्तीसगढ़ राज्य की रजत जयंती की जानकारी देते हुए बच्चों को पुस्तकालय एवं पुस्तकों से जुड़ने की प्रेरणा दी।

# झलप क्षेत्र में बिजली संकट चरम पर, ग्रामीण हलाकान

## ग्रामीण बोलेः सुधार के नाम पर कब तक लूटे जाएंगे?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

झलप और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली संकट से हाहाकार मचा हुआ है। सीएसपीडीसीएल झलप के अधिकारी महीनों से हर दूसरे-तीसरे दिन आवश्यक सुधार कार्य का बहाना बनाकर घंटों बिजली काट रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली कटौती की सूचना अखबारों में प्रकाशित करना कंपनी की कानूनी जिम्मेदारी है, लेकिन नियमों को ताक पर रखकर सिर्फ व्हाट्सएप ग्रुप पर संदेश डाला जा रहा है जिससे लोगों को संदेश नहीं मिलता, वे अचानक अंधेरे और परेशानी में फंस जाते हैं। गांव के लोग बताते हैं कि यह कोई एक-दो दिन की बात नहीं, बल्कि महीनों से चल रहा सिलसिला है। सुबह रसोई से लेकर शाम की पढ़ाई तक सब कुछ ठप हो जाता है। दुकानदारों का कारोबार प्रभावित है, किसान मोटर पंप नहीं चला पा रहे और छात्र घंटों अंधेरे में किताबें खोलकर बैठने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि



हर बार सुधार का बहाना मिलता है, मगर असल सुधार कभी दिखाई नहीं देता। लोगों ने तंज़ कसते हुए कहा-यह सुधार है या हमें सोलर पैनल खरीदने के लिए मजबूर करने की चाल? गांव वालों ने साफ चेतावनी दी है कि यदि बार-बार की अनियमित कटौती पर रोक नहीं लगी और अखबार में पूर्व सूचना देना शुरू नहीं किया गया, तो वे सामूहिक आंदोलन करने पर मजबूर होंगे।

## जिले में बलराम जयंती को मनाया किसान दिवस

**महासमुंद।** कृषि विज्ञान केंद्र भलेसर एवं कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कृषि के देवता भगवान बलराम की जयंती 29 अगस्त को किसान दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुबेर गिरी गोस्वामी अध्यक्ष भारतीय किसान संघ महासमुंद एवं अध्यक्षता धनंजय साहू जिला मंत्री भारतीय किसान संघ, विशिष्ट अतिथि सेवाराम कुर्रे सरपंच ग्राम पंचायत भलेसर रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. साकेत दुबे विषय वस्तु विशेषज्ञ (उद्यानिकी) एवं प्रभारी वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख द्वारा किया गया। इस अवसर पर भगवान बलराम एवं पारंपरिक कृषि यंत्रों की पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर प्राकृतिक एवं गौ कृषि वाणिज्यम एवं तिलहन उत्पादन विषय पर संगोष्ठी एवं कृषक प्रशिक्षण का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र भलेसर महासमुंद में किया गया। जिसमें कृषकों को प्राकृतिक एवं गौ आधारित कृषि तकनीकी विषय पर विस्तार से जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में भारतीय किसान संघ जिला महासमुंद के सदस्य, कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग महासमुंद एवं कृषि विज्ञान केंद्र के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में 78 प्रतिभागी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के अंत में कृषकों को नींबू, आवला, आम, जामुन एवं अन्य फलदार पौधों का वितरण किया गया।

# माता कर्मा कन्या महाविद्यालय में हुई विविध प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राष्ट्रीय खेल दिवस पर शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय में विविध खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार द्वारा सामूहिक रूप से राष्ट्रीय खेल शपथ लिया गया और खेल एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संकल्प व्यक्त किया गया।

आयोजन के अंतर्गत छात्राओं ने उत्साहपूर्वक विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। परिणाम इस प्रकार रहे। कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम डालिमा साहू (बीएससी), द्वितीय प्रीति साहू (बीकॉम), जलेबी दौड़ में प्रथम काव्या (बीएससी), द्वितीय सरिता साहू (बीकॉम), सुई धागा प्रतियोगिता में प्रथम योगेश्वरी (बीकॉम), द्वितीय कुमकुम (बीएससी), तृतीय जया (बीएससी), मटका फोड़ प्रतियोगिता में प्रथम सरिता साहू (बीकॉम), द्वितीय डालिमा साहू (बीएससी), तृतीय निधि, चतुर्थ डिगेश्वरी पटेल (बीकॉम) खेल प्रश्नोत्तरी में प्रथम दीपिका साहू (बीकॉम), द्वितीय कृति साहू, तृतीय ज्योति साहू रहे। प्रतियोगिताओं के दौरान छात्राओं ने न केवल अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया, बल्कि आपसी सौहार्द और प्रतिस्पर्धात्मक भावना का भी परिचय दिया। इस अवसर पर



महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ एसबी कुमार ने कहा कि खेल जीवन में अ नु शा स न , परिश्रम और एकाग्रता की भावना का संचार करते हैं। छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी उत्कृष्टता प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए। खेल प्रभारी कविता गहिर ने छात्राओं को उत्साहवर्धन कर खेल का शुभारंभ करते हुए अनुशासन और खेल भावना का परिचय देने की अपील की तथा महाविद्यालय में नियमित खेल गतिविधियों की शुरुआत की जानकारी दी। इस अवसर पर विभाग अध्यक्ष डॉक्टर सरस्वती वर्मा, ओमप्रकाश पटेल, डॉक्टर मनोज शर्मा, डॉक्टर श्वेतलाना नागल तथा प्राध्यापकगण ओंकार साहू, जगदीश प्रसाद खटकर, वंदना यादव, खगेश्वर प्रसाद, अरविंद साहू, अजय वास, गुप्तेश नामदेव, उमा साहू, लोकनाथ तारक, प्रेरणा कापसे, पूजा साहू, चमन आडिले, भावेश चंद्राकर, पूरा स्टाफ मौजूद रहे। कार्यक्रम के सफल संचालन में महाविद्यालय परिवार का सक्रिय सहयोग रहा।

# महिला स्वसहायता समूह एवं जनप्रतिनिधियों ने एक पेड़ कलेक्टर की मां के नाम पर पौधा रोपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भंवरपुर

ग्राम पंचायत भंवरपुर में महिला स्वसहायता समूह इंदिरा नगर एवं दुर्गोत्सव समिति द्वारा जिला कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की माता स्वर्गीय संतोष कुमारी लंगेह को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके याद को अक्षुण्य बनाये रखने के लिए एक पेड़ मां के नाम पर कदंब एवं आंवला पौधे का रोपण किया गया।



अपने आतिथ्य उद्मबोधन में देवकी पुरुषोत्तम दीवान छत्तीसगढ़िया सभापति कृषि जिपं महासमुंद ने कहा कि मां की महिमा अनंत है। मां चाहे किसी की हो देवी तुल्य है। इसी परिपेक्ष्य में शासन की महती योजना के तहत एक पेड़ मां के नाम पर पौधरोपण माता संतोष कुमारी की याद को चिरस्थायी बनाने का सुंदर प्रयास है। इस अवसर पर डा सोमनाथ पटेल कोषाध्यक्ष मंडल भंवरपुर, जयपाल बघेल, राधा डडसेना, सुशीला पटेल, प्रेमबाई यदु, संतोषी डडसेना,मीरा वैष्णव, विनीता विशाल, निस्पति यादव, पदमा चौहान, सरीला बाई पटेल, सितिया डडसेना, समारी बरिहा आदि उपस्थित थे।

## अंबेडकर नगर वार्ड में शिशु संरक्षण माह स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**सरायपाली।** अनुविभागीय अधिकारी( राजस्व) अनुपमा आनंद ने शिशु संरक्षण माह कार्यक्रम के तहत अंबेडकरनगर वार्ड क्रमांक (1) शिविर का निरीक्षण किया। शिविर में उपस्थित कर्मचारियों को कुपोषित बच्चों का चिन्हांकित कर एनआरसी में भेजने के लिए निर्देशित किया गया एवं विटामिन ए व आयरन सिरप उपयोगकर्ता से प्रत्यक्ष भेंटकर इसके उपयोग से होने वाले फायदे के बारे में जानकारी दी। इस शिविर में टीआर धृतलहरे खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी, डॉक्टर तरुण मांझी मेडिकल ऑफिसर, अनूपानंद एलएचवी, डेविड बंजारे स्टाफ नर्स, चंद्रिका कुमार सुपरवाइजर, केशव कर्ष आरएचओ, रेवती आंचल आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व क्षीरसागर बारी पार्षद इत्यादि उपस्थित रहे।

# खल्लारी विधायक के प्रयासों को मिली सफलता

## 39 लाख 25 हजार की लागत से ग्राम छुहिया में गौरव पथ का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम छुहिया में अब गौरव पथ का सपना साकार होने जा रहा है। मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना के अंतर्गत नाली सहित सीसी रोड का निर्माण 39 लाख 25 हजार रुपए की लागत से कराया जाएगा। ग्रामीणों के इस बहु प्रतीक्षित मांग को कराने में छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव एवं वर्तमान खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव की विशेष भूमिका रही है। उनके अथक प्रयासों का ही परिणाम है कि ग्राम छुहिया में यह बहुप्रतीक्षित गौरव पथ का निर्माण संभव हो पाया है। क्षेत्र की जनता ने विधायक द्वारिकाधीश यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है। लोगों का कहना है कि इस सड़क और नाली के बनने से लंबे समय से चली आ रही समस्याओं का समाधान होगा। ग्राम में गौरव पथ निर्माण की खबर मिलते ही क्षेत्र में हर्ष की लहर दौड़ गई है। ग्रामीणों का मानना है कि अब विकास की रफ्तार और तेज होगी तथा ग्राम छुहिया की पहचान एक सशक्त, स्वच्छ और विकसित गांव के रूप में होगी। बता दें इस महत्वपूर्ण परियोजना को लेकर शासन स्तर पर प्रशासकीय स्वीकृति सहित आदेश जारी हो गया है। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद ग्राम छुहिया के लोगों को बेहतर आवागमन सुविधा और स्वच्छता का लाभ मिलेगा।

## रजत जयंती पर नवागांव स्कूल में विविध आयोजन

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शासन के रजत जयंती वर्ष 2025-26के अवसर पर स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा विभिन्न शैक्षिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। वर्ष 2000 में भारत का 26वां राज्य बनने के बाद छत्तीसगढ़ में शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कृति, कृषि एवं अन्य क्षेत्रो में उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित की है। रजत जयंती पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नवागांव में स्पीड रीडिंग प्रतियोगिता, सामूहिक पुस्तक वाचन एवं दीवार पत्रिका प्रदर्शन का आयोजन किया गया। कक्षा छठवीं में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय रोशनी यादव, सागर, नंदिनी, कक्षा सातवीं में कोमल सिन्हा, पूनम निषाद, रागिनी सिन्हा रहे। इसी प्रकार कक्षा आठवीं में रागनी, हेमंत एवं यामिनी ने प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का मार्गदर्शन प्रधान पाठक अरुण कुमार साहू एवं संचालन शिक्षक मेमन कुमार चंद्राकर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में संस्था की शिक्षक बिहेंद्र कुमार साहू, अमर साहू, किरण दीवान का सहयोग रहा। रजत जयंती के अवसर पर पालक दयालु, धरम हीराबाई, कुमारी बाई, दयाबाई एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**चार वर्षों से हो रहा तीज महोत्सव का आयोजन, तिजहारिनों में दिखा गजब का उत्साह**

# लाफिनकला में तिजहारिनों के लिए विविध प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम लाफिनकला में इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपरागत त्योहार तीजा को विशेष रूप से मनाने तीजा महोत्सव का आयोजन बुधवार को किया गया। जिसमें तीज मनाने आए महिलाओं के लिए विविध प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप जलाओ प्रतियोगिता से हुई। जिसमें प्रथम नीरा निषाद रही। तत्पश्चात फुगड़ी में प्रथम ज्योति साहू, द्वितीय खिलेश्वरी साहू, तृतीय तोमेश्वरी साहू, हण्डी फोड़ में प्रभा साहू प्रथम, कुर्सी दौड़ में रेखा साहू प्रथम, गैन्दी पटेल द्वितीय, इन्द्राणी साहू तृतीय, लोटा दौड़ में प्रथम भूमिका निषाद, द्वितीय रेखा साहू ,तृतीय किरण साहू, गुपचुप खाओ में छगन साहू प्रथम, भूमिका निषाद द्वितीय किरण साहू तृतीय, रस्सा खींच ग्रुप में हेमीन निषाद, हेमलता निषाद, रुक्मणी साहू, टोकेश्वरी साहू, भगवती साहू, तोमेश्वरी साहू, इंद्राणी साहू की ग्रुप प्रथम व भूमिका निषाद, ज्योति साहू, नीरा निषाद, द्रौपदी निषाद, श्यामा साहू, मीना निषाद, कृष्णा निषाद की ग्रुप द्वितीय रहीं। वहीं गुब्बारा फोड़ में प्रथम मीना साहू, द्वितीय ज्योति साहू, तृतीय रेखा साहू, बच्चों के कुर्सी दौड में प्रथम झमेश साहू, द्वितीय



पूजा साहू, तृतीय खुशी निषाद रही। समीर निषाद ने मटका फोड़ा व पर्ची उठाओ बोलकर दिखाओ में मीना साहू, कमलेश साहू, राधिका साहू ने अटपटे शब्दों को आठ बार बोलकर दिखाए। प्रश्न मंच में लक्ष्मी साहू, टोमिन साहू, खिलेश्वरी साहू ने प्रश्नों के त्वरित जवाब दिए। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए, जो सभी के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। विजेताओं को आकर्षक उपहार व नगद राशि तथा सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया।

41 सदस्य वाले संयुक्त परिवार के लिए किरण साहू व 29 सदस्य वाले गुलेश्वरी साहू को भी पुरस्कृत किए।

इस संबंध में जानकारी देते हुए आयोजन समिति के सदस्य कमलेश साहू, गोवर्धन साहू व महेंद्र कुमार पटेल का कहना है कि तीजा महोत्सव के माध्यम से ग्राम के बहन बेटियों को एकत्रित कर एक दूसरे से मेल मिलाप कराना ही इस आयोजन का उद्देश्य है। इसलिए यहां विगत चार वर्षों से प्रतिवर्ष तीजा महोत्सव का आयोजन हो रहा है। इस आयोजन के माध्यम से बहन बेटियां अपने बचपन के दिनों को याद करती हैं। इस आयोजन को लेकर बहन बेटियों में काफी उत्साह रहता है।

कार्यक्रम में प्रमुख योगदान ग्राम पंचायत, ग्राम समिति, बाल समाज, लीला एवं रामायण मंडली, सरपंच राधेश्याम साहू, उपसरपंच भूपेंद्र साहू, रामकुमार साहू, केतन साहू, नाथूराम साहू, नेतन कुमार पटेल, पवन साहू, रामजी साहू, तुकाराम साहू, जनक साहू, मोहित साहू, अनिल साहू, नरेंद्र पटेल, धर्मेन्द्र साहू, यादराम साहू, तोष कुमार साहू, तुकाराम साहू, प्रदीप साहू, हरीश साहू, सुपेद निषाद का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन गोवर्धन साहू, महेंद्र पटेल व कमलेश साहू ने किया।

